# वार्षिक प्रतिवेदन
# ANNUAL REPORT
## 2015 - 2016

152
Years of bonding
ALLAHABAD BANK
Since 1865

इलाहाबाद बैंक
विश्वास की परंपरा

ALLAHABAD BANK
A tradition of trust

www.allahabadbank.in

# इलाहाबाद बैंक
# ALLAHABAD BANK

प्रधान कार्यालय : 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700 001

HEAD OFFICE: 2, NETAJI SUBHAS ROAD, KOLKATA- 700 001

www.allahabadbank.in

## वार्षिक प्रतिवेदन
## ANNUAL REPORT
## 2015-16

**विषय-सूची / contents** **पृष्ठ सं. / Page No.**


| | |
|---|---|
| • निदेशकों, लेखापरीक्षकों आदि की सूची/ List of Directors, Auditors etc. | 02 |
| • अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य/ Chairman & Managing Director's Statement | 03-09 |
| • बैंक के निदेशकों की रिपोर्ट/ Directors' Report of the Bank | 10-29 |
| • व्यवसाय उत्तरदायित्व रिपोर्ट/ Business Responsibility Report | 30-40 |
| • बासेल - III प्रकटीकरण/ Basel - III Disclosures | 41-108 |
| • कारपोरेट गवर्नेन्स पर रिपोर्ट/ Report on Corporate Governance | 109-140 |
| • कारपोरेट गवर्नेन्स पर लेखापरीक्षकों का प्रमाणपत्र/ Auditors' Certificate on Corporate Governance | 141 |
| • सीईओ और सीएफओ द्वारा अनुपालन प्रमाणपत्र/ Compliance Certificate by CEO and CFO | 142-143 |
| • बैंक के वित्तीय विवरण/ Financial Statements of the Bank | 144-199 |
| • बैंक के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट/ Auditors' Report of the Bank | 200-201 |
| • फार्म-ए/ Form-A | 202 |
| • समेकित वित्तीय विवरण/ Consolidated Financial Statements | 203-237 |
| • समेकित वित्तीय विवरण पर लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट/ Auditors' Report on Consolidated Financial Statements | 238-241 |
| • ऑलबैंक फाइनैन्स लि. के निदेशकों की रिपोर्ट/ Directors' Report of AllBank Finance Ltd. | 242-253 |
| • ऑलबैंक फाइनैन्स लि. के लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट/ Auditors' Report of AllBank Finance Ltd. | 254-262 |
| • ऑलबैंक फाइनैन्स लि. के वित्तीय विवरण/ Financial Statements of AllBank Finance Ltd. | 263-286 |
| • इलेक्ट्रॉनिक रूप में लाभांश भुगतान हेतु अधिदेश फार्म/ Mandate form for payment of dividend electronically | 287-288 |

# इलाहाबाद बैंक
# ALLAHABAD BANK

प्रधान कार्यालय : 2, नेताजी सुभाष रोड, कोलकाता-700 001

HEAD OFFICE: 2, NETAJI SUBHAS ROAD, KOLKATA- 700 001

### निदेशक मंडल/BOARD OF DIRECTORS (यथास्थिति/AS ON 31.03.2016)

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री राकेश सेठी<br>Shri Rakesh Sethi | अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक<br>Chairman and Managing Director |
| 2. | श्री जे. के. सिंह खर्ब<br>Shri J. K. Singh Kharb | कार्यपालक निदेशक<br>Executive Director |
| 3. | श्री एन. के. साहू<br>Shri N. K. Sahoo | कार्यपालक निदेशक<br>Executive Director |
| 4. | डॉ. शशांक सक्सेना<br>Dr. Shashank Saksena | सरकार द्वारा नामित निदेशक<br>Government Nominee Director |
| 5. | श्री ए. उदगाता<br>Shri A. Udgata | भा.रि.बैंक द्वारा नामित निदेशक<br>RBI Nominee Director |
| 6. | श्री संजीव कुमार शर्मा<br>Shri Sanjeev<br>Kumar Sharma | सनदी लेखाकार नामित निदेशक<br>Chartered Accountant<br>Nominee Director |
| 7. | श्री अजय शुक्ला<br>Shri Ajay Shukla | अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक<br>Part Time Non Official Director |
| 8. | प्रो. राधा आर. शर्मा<br>Prof. Radha R. Sharma | अंशकालिक गैर-सरकारी निदेशक<br>Part Time Non Official Director |
| 9. | श्री वाई. पी. सिंह<br>Shri Y. P. Singh | कामगार कर्मचारी निदेशक<br>Workmen Employee Director |
| 10. | डॉ. बिजय कुमार साहू<br>Dr. Bijaya Kumar Sahoo | शेयरधारक निदेशक<br>Shareholders' Director |
| 11. | श्री सारथ सूरा<br>Shri Sarath Sura | शेयरधारक निदेशक<br>Shareholders' Director |
| 12. | श्री परवीन कुमार छोकरा<br>Shri Parveen Kumar Chhokra | शेयरधारक निदेशक<br>Shareholders' Director |

### लेखा-परीक्षक/AUDITORS

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मे. एन. सी. बनर्जी एंड कं.<br>M/s N. C. Banerjee & Co. | सनदी लेखाकार<br>*Chartered Accountants* |
| 2. | मे. राजू एंड प्रसाद<br>M/s Raju & Prasad | सनदी लेखाकार<br>*Chartered Accountants* |
| 3. | मे. कंसल सिंगला एंड एसोसिएट्स<br>M/s Kansal Singla & Associates | सनदी लेखाकार<br>*Chartered Accountants* |
| 4. | मे. दे एंड बोस<br>M/s De & Bose | सनदी लेखाकार<br>*Chartered Accountants* |
| 5. | मे. जीएनएस एंड एसोसिएट्स<br>M/s GNS & Associates | सनदी लेखाकार<br>*Chartered Accountants* |

### रजिस्ट्रार एवं शेयर अंतरण एजेंट/REGISTRAR & SHARE TRANSFER AGENT

मे. सीबी मैनेजमेंट सर्विसेज (प्रा) लि.
(यूनिटः इलाहाबाद बैंक)
पी-22 बंडेल रोड,
कोलकाता-700019
दूरभाष सं. : 033-40116700,
फैक्स सं. : 033-40116739
ईमेलः rta@cbmsl.com

M/s CB Management Services (P) Ltd.
(Unit: Allahabad Bank)
P-22, Bondel Road,
Kolkata-700019.
Telephone No. : 033-40116700
Fax No. : 033-40116739
Email : rta@cbmsl.com

## अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का वक्तव्य

प्रिय शेयरधारको,

मैं बैंक के निदेशक मंडल, प्रबंधन और कर्मचारियों की ओर से बैंक की 14वीं वार्षिक आम सभा में आपका हार्दिक स्वागत करता हूं। सर्वप्रथम, मैं इस अवसर पर अपने प्रत्येक सम्मानित शेयरधारकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ जो इतने वर्षों से अपना अनवरत समर्थन देते आ रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2015-16 वैश्विक और भारतीय दोनों अर्थव्यवस्थाओं के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। मैं वर्ष के दौरान व्याप्त समष्टि आर्थिक परिवेशों के बारे में संक्षेप में बताना चाहूंगा, क्योंकि, बैंकिंग क्षेत्र के कार्यनिष्पादन में इसके गहरे निहितार्थ थे।

**1. वैश्विक अर्थव्यवस्था :**

विश्व की जीडीपी वृद्धि जो 2014 में 3.4% थी वह 2015 में घटकर 3.1% रह गई। 2016 में आईएमएफ ने वैश्विक अनिश्चितताएं व्याप्त रहने की संभावनाएं व्यक्त की हैं और विश्व की जीडीपी में 3.2% की मामूली वृद्धि के संकेत दिए हैं। ऐसा मुख्यतः उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से प्रेरित होगा। अनिश्चितता बढ़ी है और कमजोर वृद्धि परिदृश्य के जोखिम और अधिक मूर्त हो रहे हैं। तथापि, तेल की कीमतों में कमी से तेल आयातक देशों में मांग में तेजी आ सकती हैं क्योंकि तेल की कीमतें लम्बे समय तक निम्न बने रहने की संभावना है।

वर्तमान में वैश्विक अर्थव्यवस्था में भरपाई बहुत धीमी, नाजुक और इस जोखिम से भरी है कि लगातार निम्न वृद्धि अनेक देशों के सामाजिक और राजनैतिक ढांचे पर विनाशकारी प्रभाव डाल सकती है। अनसुलझे संकट के साथ-साथ प्रतिकूल जनसंख्या विन्यास और कम उत्पादकता वृद्धि के कारण कमजोर मांग से विकसित अर्थव्यवस्थाओं से वृद्धि बाधित होगी।

**2. भारतीय अर्थव्यवस्था :**

वित्तीय वर्ष 16 में भारत के आर्थिक विकास मे 7.6% की वृद्धि होने का अनुमान है। तथापि, सार्वजनिक निवेश में मंदी, दबावग्रस्त कारपोरेट तुलनपत्रों और निर्यात में गिरावट आदि कारकों के कारण यह वृद्धि बाधित हो सकती है। सितम्बर'15 तिमाही के 7.4% की तुलना में दिसम्बर'15 तिमाही में जीडीपी में 7.3% की वार्षिक दर से वृद्धि हुई।

जनवरी' 16 हेतु उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति भारिबैंक के अनुमानित रूझान के अनुरुप रही और लक्ष्य की प्राप्ति में मामूली कमी रही। तथापि, अप्रैल'16 माह में सीपीआई मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों में तेजी के कारण 5.4% तक पहुंच गया, जो तीन महीनों में सबसे अधिक था। सामान्य मानसून की प्रत्याशाओं के कारण घरेलू बाज़ार मे समग्र रूप से सकारात्मक माहौल तथा सन्निकट अवधि में तेल के स्थिर मूल्य के कारण इस वर्ष में मुद्रास्फिति में स्थायित्व बने रहने की संभावना है। भारतीय रिज़र्व



## CHAIRMAN & MANAGING DIRECTOR'S STATEMENT

**Dear Shareholders,**

On behalf of the Board of Directors, the Management and employees of the Bank, I welcome you all to the 14th Annual General Meeting of the Bank. At the outset, I take this opportunity to express my gratitude to each of our esteemed shareholders for extending their unstinted support all these years.

The financial year 2015-16 has been a year full of challenges in both global and Indian economy. Here, I would like to enumerate briefly upon the macro-economic environment that prevailed during the year as it had strong implications for the banking sector's performance.

**1. GLOBAL ECONOMY :**

The world GDP growth decelerated to 3.1% in 2015 from 3.4% in 2014. In 2016, the IMF expects global uncertainties to prevail and projects a modest recovery in the world's GDP growth at 3.2%. This will be primarily driven by emerging markets & developing economies. Uncertainty has increased & risks to weaker growth scenarios are becoming more tangible. However, decline in oil prices may boost demand in oil-importing countries as prices are expected to remain lower for longer time.

Presently, recovery of global economy remains too slow, fragile, with the risk that persistent low growth can have damaging effects on the social and political fabric of many countries. Growth in advanced economies will be hampered by weak demand on account of unresolved crisis legacies, as well as unfavourable demographics and low productivity growth.

**2. INDIAN ECONOMY:**

India's economic growth is projected to grow by 7.6% in FY16, However, due to slowdown in public investment, stressed corporate balance sheets and declining exports, growth could be hampered by these factors. GDP grew at an annual rate of 7.3% in Dec'15 quarter as compared to 7.4% in Sep'15 quarter.

Consumer price inflation (CPI) has evolved along the RBI's projected trajectory for Jan'16 and the target was met with a marginal undershoot. However, in the month of Apr'16, CPI inflation rose to a three-month high of 5.4% due to a sharp rise in food prices. Stability in inflation is expected to continue in this year aided by stable oil prices in the near term and the overall positive sentiment in the domestic market in lieu of expectations of a normal monsoon. The RBI expects CPI

बैंक आशान्वित है कि सीपीआई मुद्रास्फिति में मामूली कमी आएगी तथा यह मामूली परिवर्तन के साथ 2016-17 के दौरान लगभग 5% बना रहेगा।

inflation to decelerate modestly and remain around 5% during 2016-17 with small variation.

धातु और पेट्रोलियम उत्पादों सहित वस्तुओं की वैश्विक कीमतों में गिरावट के कारण निर्यात लगातार सत्रहवें महीने में कम होते हुए अप्रैल'16 में 6.7% घट गया। चीन में लगातार मामूली वृद्धि और उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में सामान्य मंदी के कारण इसके कमजोर बने रहने की संभावना है। चालू खाता घाटा(सीएडी) गिरकर जीडीपी के 1.3% तक आ गया या इसका मूल्य दिसम्बर'15 को समाप्त तीसरी तिमाही में 7.1 बिलियन यू.एस. डालर हो गया जो पिछली तिमाही के 8.7 बिलियन यूएस डालर अथवा जीडीपी के 1.7% से कम है।

Exports continued to decline for the seventeenth month in Apr'16 by 6.7% due to falling world prices for commodities, including metal and petroleum products. It is expected to remain weak due to continued moderation in growth in China and the general slowdown in emerging market economies. Current account deficit (CAD) fell further to 1.3% of the GDP or its value stood at US$ 7.1 billion in the third quarter ending Dec'15, which is lower than US$ 8.7 billion or 1.7% of GDP in the preceding quarter.

औद्योगिक उत्पाद सूचकांक (आईआईपी) में वृद्धि मार्च'16 में पिछले वर्ष के 2.5% और पिछले माह के 1.99% की तुलना में 0.1% रही। सूचकांक के खराब प्रदर्शन का कारण था विनिर्माण और खनन दोनों क्षेत्रों में उत्पाद में संकुचन।

Growth in the Index of Industrial Production (IIP) stood at 0.1% in Mar'16 as compared to 2.5% in the year ago period and 1.99% in the preceding month. The poor performance of the index was on the back of contraction in both manufacturing and mining sector output.

शहरी और ग्रामीण दोनो क्षेत्रों में उपभोग मांग में सुधार की संभावना है जो विनिर्माण उत्पाद में वृद्धि करेगा, जबकि क्षमता वर्धन और सरकारी पहलों से विद्युत और खनन क्षेत्रों में तेजी आने की संभावना है। सातवें वेतन आयोग से वित्तीय वर्ष'17 में शहरी मांग में और तेजी आने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, लगातार दो बार सूखे के बाद सामान्य मानसून की संभावना से ग्रामीण मांग बढ़ने की संभावना है।

Improvement in consumption demand in both urban and rural areas is expected to drive the growth in manufacturing output while capacity additions and govt. initiatives are likely to give a boost to the electricity and mining sectors. The Seventh Pay Commission awards are expected to further bolster urban demand in FY17. Further, prospects of normal monsoon after two consecutive droughts are expected to prop up rural demand.

अल नीनो के घटते प्रभाव के कारण सामान्य मानसून की अपेक्षा और 7वें वेतन आयोग, वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) के कार्यान्वयन और सतत मौद्रिक नीति के निभाव से निजी उपभोग में तेजी से वित्तीय वर्ष 16 में आर्थिक वृद्धि में असमान भरपाई के वित्तीय वर्ष 17 में धीरे-धीरे सुदृढ़ होने की संभावना है। इसके आलोक में, जोखिमों को समान रूप से संतुलित करते हुए भारतीय रिजर्व बैंक ने वित्तीय वर्ष 17 में 7.6% सकल मूल्य वर्द्धित (जीवीए) वृद्धि का अनुमान लगाया है। एशियन डेवलपमेंट बैंक और आईएमएफ ने वित्तीय वर्ष 17 हेतु भारतीय अर्थव्यवस्था में क्रमशः 7.4% और 7.5% वृद्धि का अनुमान लगाया है।

The uneven recovery in economic growth in FY16 is likely to strengthen gradually in FY17, assuming a normal monsoon due to the receding El Nino effect and also, a boost in private consumption arising out of the implementation of the 7th Pay Commission the One Rank One Pension (OROP) and the continuing monetary policy accommodation. In the light of these, the RBI has projected the Gross Value Added (GVA) growth for FY17 at 7.6% with risks evenly balanced out. Asian Development Bank and IMF have forecast India's growth at 7.4% and 7.5% respectively in FY17.

**3. बैंकिंग :**

29 अप्रैल' 16 को समाप्त पखवाड़े में ऋण वृद्धि पिछले वर्ष की उसी पखवाड़े के 10.5% की तुलना में 9.2% रही। समग्रतः एससीबी की सकल जमाराशियों की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि इस पखवाड़े में एक वर्ष पूर्व के उसी पखवाड़े के 12.3% की तुलना में घटकर 9.3% रह गयी। चालू वित्तीय वर्ष (वित्तीय वर्ष17) में सामान्य मानसून, 7वें वेतन आयोग और ओआरओपी के कार्यान्वयन से उपभोक्ता भावनाओं में मामूली सुधार होने की संभावना है। इन उपायों से निर्यात सहित नए आर्डर मिलने से उद्योग के विस्तारकारी रूप के परिणामस्वरूप ऋण की मांग में तेजी आएगी।

**3. BANKING:**

For the fortnight ended 29th Apr'16, credit growth stood at 9.2% as compared to 10.5% in the same fortnight a year ago. Aggregate deposits Y-o-Y growth for SCBs as a whole declined to 9.3% during the same fortnight as compared to 12.3% in the year ago period. In the current financial year (FY17), marginal improvement in consumer sentiments is expected on account of normal monsoon, implementation of 7th Pay Commission and OROP. These will provide a fillip to credit demand as the industry will be on expansionary mode on the back of new orders, including exports.

**4 बैंक का कार्यनिष्पादन :**

अब मैं वर्ष 2015-16 हेतु आपके बैंक की कार्यनिष्पादन विशिष्टताओं के बारे में बात करना चाहूंगा।

**4. BANK'S PERFORMANCE :**

I would now like to touch upon the highlights of your Bank's performance for the financial year 2015-16:

### 4.1 व्यवसाय वृद्धि

- 31 मार्च, 2016 को यथास्थिति बैंक का कुल व्यवसाय 31 मार्च 2015 को यथास्थिति के ₹346519 करोड़ के सापेक्ष वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 3.41% की वृद्धि दर्शाते हुए बढ़कर ₹3,58,352 करोड़ के स्तर पर पहुंच गया।
- बैंक की कुल जमा राशियां 3.73 %की वृद्धि दर्शाते हुए एक वर्ष पूर्व के ₹1,93,424 करोड़ से बढ़कर यथास्थिति 31 मार्च, 2016 को ₹2,00,644 करोड़ हो गईं। सकल ऋण पिछले वर्ष के ₹1,53,095 करोड़ के सापेक्ष बढ़कर ₹1,57,707 करोड़ हो गया। वर्ष -दर-वर्ष आधार पर इसमें 3.01% की वृद्धि हुई।
- 31 मार्च, 2016 को यथास्थिति बचत बैंक जमा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 11.72 %की वृद्धि दर्ज करते हुए ₹62,514 करोड़ हो गई, जो सकल जमाराशियों का 31.49% है। आपके बैंक ने कासा जमाराशियों के संग्रहण को महत्व दिया है और प्रतिदिन प्रतिशाखा द्वारा खोले गए बचत बैंक खातों पर विशेष बल दिया गया है।
- सकल जमाराशियों में कासा प्रतिशत पिछले वित्त वर्ष के 33.75% से बढ़ कर 31 मार्च 2016 को यथास्थिति 36.28% हो गया। वित्तीय वर्ष 16 के दौरान कासा जमा शेष ₹72,041 करोड़ था जो वर्ष दर वर्ष 10.98% की वृद्धि दर्शाता है।

### 4.2 लाभप्रदता

- वित्त वर्ष 16 के दौरान बैंक का परिचालन लाभ पिछले वर्ष की उसी अवधि के ₹4460 करोड़ के सापेक्ष ₹4134 करोड़ रहा ऐसा निम्न निवल ब्याज आय के कारण हुआ।
- वित्तीय वर्ष 16 के दौरान बैंक की शुल्क आधारित आय में वर्ष दर वर्ष 7.30% की वृद्धि हुई और यह पिछले वित्तीय वर्ष के ₹1137 करोड़ के सापेक्ष ₹1220 करोड़ रहा।
- वित्तीय वर्ष 16 में जमा लागत अनुपात वित्तीय वर्ष 15 के 7.11% से घट कर 6.61% हो गया।
- निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) वित्तीय वर्ष 2015 के 3.10% के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2016 को 2.65% रहा।
- 31 मार्च,2016 को यथास्थिति पूंजी पर्याप्तता अनुपात बासेल-III मानदंड के अंतर्गत 31 मार्च 2015 के 10.45% के सापेक्ष बढ़ कर 11.02% हो गया।
- वित्तीय वर्ष 16 में बैंक को ₹743.31करोड़ की निवल हानि हुई इसका कारण उच्चतर प्रावधान था जो वर्ष के दौरान बढ़कर 27.05% हो गया।

### 4.3 आस्ति गुणवत्ता

31 मार्च 2016 को यथास्थिति आपके बैंक में सकल अग्रिमों में सकल एनपीए 9.76% और निवल अग्रिमों में निवल एनपीए 6.76% रहा। 31 मार्च 2016 को यथास्थिति प्रावधान कवरेज अनुपात 48.22% था।

### 4.1 Business Growth

- Total business of your Bank reached a level of ₹358,352 crore as on 31st Mar'16 from ₹ 346,519 crore as on 31st Mar'15; showing a Y-o-Y growth of 3.41%.
- Total deposits of the Bank went up by 3.73% to ₹200,644 crore as on 31st Mar'16 from ₹193,424 crore year ago. Gross credit of the Bank increased to ₹157,707 crore from ₹153,095 crore last year. On a Y-o-Y basis, it increased by 3.01%.
- SB deposits registered a Y-o-Y growth of 11.72% and stood at ₹62,514 crore as on 31st Mar'16, and constituted 31.49% of aggregate deposits. Your Bank continued to give importance to CASA deposits mobilization and special emphasis was given on Savings Bank A/c opened per branch per day.
- CASA share to aggregate deposits increased to 36.28% as on 31st Mar'16 from 33.75% in the preceding fiscal year. Total CASA outstanding during FY16 stood at ₹72,041 crore, thus clocking a Y-o-Y growth of 10.98%.

### 4.2 Profitability

- The operating profit of the Bank stood at ₹4134 crore during FY16 compared to₹4460 crore during the same period a year ago because of lower net interest income.
- Fee income of the Bank during FY16 increased Y-o-Y by 7.30% and stood at ₹1220 crore as against ₹1137 crore last fiscal year.
- The Cost of deposits ratio came down from 7.11% in FY15 to 6.61% in FY16.
- Net Interest Margin (NIM) stood at 2.65% in FY16 as against 3.10% during FY15.
- Capital Adequacy Ratio improved to 11.02% as on 31st March 2016 under Basel III norms as compared to 10.45% as on 31st March, 2015.
- The Bank posted a net loss of ₹743.31 crore in FY16 due to higher provisions that increased by 27.05% during the year.

### 4.3 Asset Quality

The Gross NPA to Gross Advances of your Bank stood at 9.76% and Net NPA to Net Advances stood at 6.76% as on 31st March 2016. The Provision Coverage Ratio was at 48.22% as on 31st March 2016.

### 4.4 लाभांश

आपके बैंक के निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2015-16 हेतु किसी लाभांश की संस्तुति नहीं की है।

### 4.5 कार्यालय एवं शाखाएं

यथास्थिति 31 मार्च 2016 को बैंक की 3209 घरेलू शाखाएं एवं हांगकांग में एक विदेशी शाखा है। 3209 घरेलू शाखाओं में से 1307 ग्रामीण, 720 अर्ध-शहरी, 656 शहरी एवं 526 महानगरीय केन्द्रों में हैं। वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान 108 नई शाखाएँ खोली गई जिनमें से 50 ग्रामीण, 31 अर्ध-शहरी, 20 शहरी एवं 7 महानगरीय केन्द्रों में हैं। वर्ष के दौरान 6 शाखाओं को समामेलित किया गया है। इसी अवधि के दौरान, भारतीय रिज़र्व बैक के मानदण्डों को पूरा करते हुए बैंक रहित क्षेत्रों में कुल 36 शाखाएं खोली गई हैं।

### 4.6 खुदरा ऋण

31 मार्च, 2016 को यथास्थिति आपके बैंक का खुदरा ऋण पोर्टफोलियो एक वर्ष पूर्व के ₹21,723 करोड़ के सापेक्ष ₹25,894 करोड़ था, इस प्रकार वर्ष-दर-वर्ष 19.20% की वृद्धि दर्ज की गई। बैंक के सकल ऋण के सापेक्ष रिटेल क्रेडिट पोर्टफोलियो का हिस्सा वित्तीय वर्ष 15 के 14.19% से बढ़ कर वित्तीय वर्ष 16 में 16.42% हो गया। रिटेल ऋण के अंतर्गत गृह ऋण प्रमुख घटक रहा जिसमें 27.39% की गति से वृद्धि हुई है।

इससे आगे बढ़ते हुए, बैंक का रिटेल ऋण पोर्टफोलियो में 20% की वृद्धि करने का विचार है। साथ ही, गृह ऋण, स्वर्ण आदि जैसे निम्न पूंजी आवश्यकता वाले ऋणों पर प्रमुखता से बल दिया जाएगा। वित्तीय वर्ष 16 के दौरान बैंक ने विभिन्न केन्द्रो पर 9 अतिरिक्त केन्द्रीयकृत रिटेल बैंकिंग बुटीक (सीआरबीबी) खोले हैं। अब आपके बैंक के पास देश के विभिन्न भागों में फैले हुए 55 सीआरबीबी हैं जो विशेष रूप से विनिर्दिष्ट रिटेल ऋणों का त्वरित और झंझट मुक्त तरीके से निपटान करते हैं।

### 4.7 प्राथमिकता क्षेत्र

- प्राथमिकता क्षेत्र ऋण 31मार्च, 2015 को यथास्थिति ₹53910 करोड़ से बढ़ कर 31मार्च, 2016 को यथास्थिति ₹62695 करोड़ हो गया और इस प्रकार इसने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.30% की वृद्धि दर्ज की। बैंक ने मार्च' 16 को यथास्थिति एएनबीसी का 42.69% प्राप्त कर एएनबीसी के 40% के मानदंड को पार कर लिया है।
- कृषि ऋण पिछले वर्ष के ₹24,680 करोड़ के सापेक्ष 8.70% की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज करते हुए यथास्थिति 31 मार्च 2016 को ₹26,827 करोड़ के स्तर तक पहुंच गया। यहां भी बैंक ने एएनबीसी के 18% के मानदंड से अधिक उपलब्धि दर्ज की है।

### 4.8 कारपोरेट सामाजिक दायित्व

वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान, आपके बैंक ने सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत ₹1099.10 लाख की राशि खर्च की है जिसमें स्वच्छ भारत कोष को दी गई ₹210 लाख की राशि शामिल है। हमने अग्रणी जिलों

### 4.4 Dividend

The Board of Directors of your Bank have not recommended any dividend for FY16.

### 4.5 Offices & Branches

As on 31st Mar'16, the Bank is having 3209 domestic branches and one overseas branch at Hong Kong. Out of 3209 domestic branches, 1307 are at Rural, 720 at Semi-urban, 656 at Urban and 526 at Metropolitan Centres. A total of 108 new branches have been opened during the financial year 2015-16, out of which 50 are at Rural, 31 at Semi Urban, 20 at Urban and 7 at Metro centers. During the year, six branches were merged. During the same period, a total of 36 branches have been opened in unbanked areas thereby complying with the RBI norms.

### 4.6 Retail Credit

Your Bank's retail credit portfolio stood at ₹25,894 crore as on 31st March, 2016 as against ₹21,723 crore a year ago, thereby registering a Y-o-Y growth of 19.20%. The share of retail credit portfolio against the gross credit has increased from 14.19% in FY15 to16.42% in FY16. Housing Loan, a key constituent under Retail Credit grew at a pace of 27.39%.

Going forward, the Bank is looking at a growth of 20% in the retail credit portfolio. Also, major thrust on loans having low capital requirement like housing loan, gold loan, etc will be given. The Bank has also opened an additional 9 Centralized Retail Banking Boutiques (CRBBs) at different centres during FY16. Your Bank has now a total of 55 CRBBs spread over different parts of the country catering to specified retail loans for quick and hassle free disposal.

### 4.7 Priority Sector

- Priority sector advances of the Bank increased from ₹53,910 crore as on 31st March, 2015 to ₹62,695 crore as on 31st March, 2016, thereby registering Y-o-Y growth of 16.30%. The Bank has surpassed the norm of 40% of ANBC by reaching 42.69% of ANBC as on Mar'16.
- Agriculture Credit reached a level of ₹26,827 crore as on 31st March, 2016 from ₹24,680 crore last year, registering Y-o-Y growth of 8.70%. Here again, the Bank has achieved more than the 18% of ANBC norm.

### 4.8 Corporate Social Responsibility

During the financial year 2015-16, your Bank has spent a sum of ₹1099.10 lacs under CSR activity that included an amount of ₹210 lacs towards Swachch Bharat Kosh. We have also

में बालिकाओं को छात्रवृत्ति देने और अग्रणी जिलों में सरकारी स्कूलों में बिजली के पंखे लगाने की योजना को कार्यान्वित किया है। बेरोजगार ग्रामीण युवाओं हेतु कौशल विकास कार्यक्रमों के आयोजन एवं ग्रामीण जनता को वित्तीय साक्षरता प्रदान करने के लिए ऑल बैंक रूरल डेवलपमेंट ट्रस्ट को ₹817 लाख का दान दिया गया है।

**4.9 वित्तीय समावेशन (एफआई)**

आपका बैंक वित्तीय समावेशन पहलों के कार्यान्वयन हेतु प्रतिबद्ध है। बैंक ने वित्तीय समावेशन के अंतर्गत निर्धारित समस्त वार्षिक लक्ष्यों को सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। आपके बैंक ने आबंटित 4580 उप सेवा क्षेत्रों (एसएसए) को पूर्ण रूप से कवर कर लिया है जिन्हें 4355 बैंक मित्रों के परिनियोजन तथा शेष बचे 225 एसएसए को शाखाओं के माध्यम से पूरा किया गया।

**4.10 पीएमजेडीवाई एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत प्रगति**

- पीएमजेडीवाई के अंतर्गत कुल 44.24 लाख खाते खोले गए जिनमें 31 मार्च, 2016 को यथास्थिति ₹461.12 करोड़ की राशि जमाशेष है।
- योजना के आरंभ होने से लेकर हमने 31.03.2016 को यथास्थिति अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 0.54 लाख प्रस्ताव जुटाए जिनमे से 0.37 लाख ग्राहकों की एपीवाई की मासिक किस्त पीएफआरडीए को भेजी गई जिसमें 31.03.2016 को यथास्थिति ₹170.89 लाख की राशि निहित है।
- 31.03.2016 तक पीएमएसबीवाई के अंतर्गत बीमाकर्ता को 18.14 लाख ग्राहकों के ₹2.13 करोड़ के प्रीमियम और पीएमजेजेवाई के अंतर्गत 5.77 लाख ग्राहकों के ₹16.69 करोड़ के प्रीमियम का भुगतान किया गया।

**4.11 विदेशों में उपस्थिति**

बैंक की हांगकांग में डीलिंग रूम सहित एक विदेशी शाखा है। हांगकांग शाखा का व्यवसाय 31.03.2015 को यथास्थिति ₹10,420 करोड़ के सापेक्ष 31.03.2016 को यथास्थिति बढ़कर ₹12,519 करोड़ हो गया। वित्तीय वर्ष 16 में हांगकांग शाखा ने **₹119.31** करोड़ का परिचालनगत लाभ और ₹44.63 करोड़ का निवल लाभ अर्जित किया है।

**4.12 नेटवर्क और सुपुर्दगी चैनल**

- वित्तीय वर्ष, 16 में आपके बैंक में 381 शाखाओं को कवर करते हुए 185 आनसाइट और 2 आफसाइट ई-लॉबी, 97 मिनी ई-लॉबी, 54 कैश डिपाजिट कियोस्क और 43 पासबुक प्रिंटिंग कियोस्क हैं।
- वित्त वर्ष 16 में बैंक ने 42 नए एटीएम संस्थापित किए हैं और यथास्थिति 31.03.2016 को एटीएम की कुल संख्या 1212 है।
- खाते खोलने हेतु बैंक ने बिना कागजी दस्तावेजों के सत्यापन के ग्राहकों के खाते खोलने के लिए ई-केवाईसी को कार्यान्वित किया गया है। ऑन अस और ऑफ अस लेनदेनों हेतु आधार

effected scholarship for girl child in lead districts and scheme for providing electric fans in govt. schools in lead districts. A donation of ₹817 lacs was made to All Bank Rural Development Trust for organising skill development programmes for unemployed rural youths & imparting finance literacy to the rural masses.

**4.9 Financial Inclusion (F.I.)**

Your Bank remains committed to implementation of Financial Inclusion initiatives. It has successfully achieved all annual targets set under FI. Your Bank has achieved full coverage of the allotted 4580 Sub-Service Areas (SSAs) which has been completed by deploying 4355 Bank Mitras and covering the remaining 225 SSAs through branches.

**4.10 Progress under PMJDY & Social Security Schemes**

- A total of 44.24 lacs accounts has been opened under PMJDY having outstanding balance of ₹461.12 crore as on 31st March 2016.
- Since its inception, the Bank has mobilized 0.54 lac proposals under Atal Pension Yojana (APY) as on 31.03.2016 out of which monthly installment of APY has been remitted to the PFRDA for 0.37 lac customers involving an amount of ₹170.89 lac up to 31.03.2016.
- Under PMSBY, insurance premium has been remitted to insurer for 18.14 lac customers involving an amount of ₹2.18 crore and under PMJJBY, it stood at 5.77 lac customers for an amount of ₹16.69 crore up to 31.03.2016.

**4.11 Overseas Presence**

The Bank is having one overseas branch with a dealing room at Hong Kong. The Business of Hong Kong branch has increased from ₹10,420 crore as on 31.03.2015 to ₹12,519 crore as on 31.03.2016. The Hong Kong branch has earned operating profit of ₹119.31 crore and net profit of ₹44.63 crore in FY16.

**4.12 Network & Delivery Channels**

- Your Bank has made live 185 onsite & 2 offsite e-lobbies, 97 mini e-lobbies, 54 cash deposit kiosks & 43 passbook printing kiosks covering 381 branches in FY16.
- The Bank has deployed 42 new ATMs in FY16 and total number of ATMs is 1212 as on 31.03.2016.
- For opening of account, e-KYC facility has been implemented for customer verification without any paper documents. Aadhaar Enabled Payment System

समर्थित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) और सभी बीसी लोकेशनों पर रुपे एटीएम कार्ड स्वीकृति को चालू किया गया है।

- बैंक के इंटरनेट बैंकिंग एप्लिकेशन को नई सुविधाओं और नए कलेवर के साथ संवर्धित किया गया है । ट्रांजेक्शन पासवर्ड और एटीएम पिन की आनलाइन जनरेशन की सुविधा, कार्ड हाट लिस्टिंग, निधि अंतरण का समय निर्धारण, आईएमपीएस, आयकर विवरणियों की ई-फाइलिंग, एसबीआई ई-पे इंटीग्रेशन, मोबाइल बैंकिंग रजिस्ट्रेशन आदि को लागू किया गया है।
- शाखाओं में नई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं अर्थात ऑनलाइन पैन वेरिफिकेशन, आईएमपीएस के माध्यम से तत्काल निधि अंतरण, सोवेरेन गोल्ड बांड योजना, बेहतर ग्राहक सेवा हेतु सीटीएस में प्रस्तुत चेक हेतु खाते को नामे लिखने से पूर्व एसएमएस अलर्ट।

**4.13 नई पहल**

- आपके बैंक ने एटीएम से आहरण (₹1.00 लाख प्रति दिन), पीओएस और ई-कामर्स साइट (₹2.00 लाख प्रतिदिन) की उच्चतर सीमा के साथ रुपे प्लेटिनम डेबिट कार्ड (इंटरनैशनल) का शुभारंभ किया है। इस कार्ड में एनपीसीआई द्वारा ₹2.00 लाख का दुर्घटना बीमा कवरेज दिया जा रहा है।
- बैंक के वैकल्पिक डिलीवरी चैनलों अर्थात डेबिट कार्ड और इंटनेट बैंकिंग के माध्यम से गोइबीबो के पोर्टल पर बैंक के ग्राहकों द्वारा ट्रेन, हवाई टिकट एवं होटल बुकिंग के समय कैश डिस्काउंट प्रदान करने हेतु ट्रेवल संस्था गोइबीबो के साथ टाइअप।
- ईजी विलः बैंक ने वसीयत तैयार करने की सेवा प्रदान करने के लिए मै. एनएसडीएल ई-गवर्नेन्स इन्फ्रास्ट्रक्चर लि. के साथ टाइअप किया है जहाँ बैंक के ग्राहक अपनी वसीयत ऑनलाइन तैयार करा सकते हैं।
- बैंक ने दोहरी गरीबी रेखा, जो वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्र हेतु ₹98,000 प्रतिवर्ष तथा शहरी क्षेत्रों में ₹1,20,000 प्रतिवर्ष है, से कम पारिवारिक आय वाले अनुसूचित जाति उधारकर्ताओं को रियायती दर पर आगे उधार देने हेतु पुनर्वित्त के दावे के लिए एनएसएफडीसी के साथ करार ज्ञापन किया है।

**4.14 मानव संसाधन विकास**

बैंक ने जनशक्ति नियोजन, सुविज्ञता वर्धन, क्षमता निर्माण, पदोन्नति एवं कैरियर में उन्नति, स्टाफ कल्याणकारी उपायों आदि के माध्यम से उत्पादकता के उच्च स्तर को बनाए रखने हेतु अपनी मानव आस्तियों के समग्र विकास पर ध्यान केंद्रित करना जारी रखा। वित्तीय वर्ष 2016 के दौरान बैंक द्वारा कुल 1349 अधिकारियों/कर्मचारियों की भर्ती की गई है जिसमें 166 अधिकारी (विशेषज्ञ अधिकारियों सहित) और 620 लिपिक तथा 563 अधीनस्थ स्टाफ शामिल है। इससे कार्यबल की औसत आयु बनाए रखने में मदद मिलती है जो 31.03.2016 को यथास्थिति 40.20 वर्ष है जो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में निम्नतम में से एक है।

(AEPS) for on-us & off-us transaction and RuPay ATM card acceptance at all BC locations have been made operational.

- Your Bank's Internet Banking application has been enhanced with new facilities like on-line generation of Transaction Password & ATM PIN, Card Hot listing, scheduling of Funds Transfer, IMPS, e-filing of Income tax returns, SBI e-pay integration, mobile banking registration etc.
- New facilities have been provided at branches viz. on-line PAN verification, instant fund transfer through IMPS, introduction of Sovereign Gold Bond Scheme, SMS alert before debiting the account for cheques presented in CTS.

**4.13 New Initiatives**

- Your Bank has launched RuPay Platinum Debit Card (International) with higher limits of withdrawals at ATMs (₹1.00 lac per day), PoS and e-commerce site (₹2.00 lac per day). Accidental insurance coverage of ₹2.00 lac is also provided by NPCI in this card.
- Tie-up with Travel aggregator 'GoIbibo' for providing cash discounts at the time of booking train & flight tickets and hotel bookings by the customers of the Bank in their portal through alternate delivery channels of the Bank viz., debit cards and internet banking.
- EzeeWill: The Bank has tied up with M/s NSDL e-Governance Infrastructure Ltd. for providing the Will preparation services, wherein the customers of the Bank can get their 'Will' prepared online.
- The Bank has signed a MoA with NSFDC for claiming refinance, for on-lending to Scheduled Caste borrowers at concessional rate of interest having family income less than double the poverty line, which presently is ₹98,000 p.a. for rural and ₹1,20,000 p.a. for urban areas.

**4.14 Human Resource Development**

Your Bank has continued with its focus on overall development of its human assets through manpower planning, knowledge enrichment, capacity building, promotion & career progression, staff welfare, etc. to maintain a high level of productivity. During FY16, 1349 officers/ employees have been recruited by the Bank, which includes 166 officers (including specialist officers), 620 clerks and 563 sub-ordinate staff. This has helped to maintain the average age of workforce at 40.20 years as on 31st Mar'16, one of the lowest amongst public sector banks.

**4.15 पुरस्कार एवं प्रशस्तियां**

- आपके बैंक को आरसेटी के समग्र कार्यनिष्पादन हेतु ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा "द्वितीय पुरस्कार" प्रदान किया गया। एकल श्रेणी में आरसेटी सीतापुर को भी "द्वितीय पुरस्कार" प्रदान किया गया है।
- आपके बैंक को वर्ष 2015 हेतु सीआईएमएसएमई द्वारा मध्यम आकार के बैंकों की श्रेणी में सर्वोत्तम एमएसएमई बैंक और सर्वोत्तम इको-टेक सैवी बैंक हेतु रनर अप पुरस्कार प्रदान किया गया है।
- बीएससीबीआई द्वारा आपके बैंक को "औसत से ऊपर" श्रेणी में रखा गया है। सार्वजनिक क्षेत्र के 26 बैंकों में आपके बैंक को 7वें पायदान पर रखा गया है।

**5. आगे का मार्ग और भावी रणनीतियां**

आईएमएफ, विश्व बैंक आदि जैसी वैश्विक एजेंसियों ने भारत की पहचान एक उज्ज्वल राष्ट्र के रूप में की है क्योंकि भारत को निकट भविष्य में तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है जो चीन से आगे निकल जाएगा। इसलिए भारतीय आर्थिक परिवेश के इर्दगिर्द फैले आशावाद से बैंकिंग क्षेत्र भी मंद ऋण वृद्धि और बढ़ती दबावग्रस्त आस्तियों की अपनी वर्तमान स्थिति से उबर जाएंगे। अवसंरचना पर व्यय में वृद्धि, परियोजनाओं के तीव्र कार्यान्वयन और सुधारों के जारी रहने से वृद्धि को और गति मिलने की संभावना है जिससे ऋण की मांग में वृद्धि होगी।

उपर्युक्त पृष्ठभूमि में आपका बैंक त्रिकोणीय रणनीति अपनाएगा अर्थात बकाया की वसूली, रिटेल अग्रिमों में अच्छी वृद्धि और बचत बैंक खातों पर बल देते हुए देयता पक्ष में कासा जमाराशियों का संग्रहण

अंत में, मैं बोर्ड द्वारा किए गए बहुमूल्य योगदान  के लिए आभार प्रकट करता हूं। भारतीय रिजर्व बैंक, भारत सरकार और अन्य विनियामक प्राधिकरणों तथा वित्तीय संस्थाओं को उनके सहयोग, प्रबल समर्थन और मार्गदर्शन हेतु बैंक आभार प्रकट करता है। बोर्ड सभी क्षेत्रों में बैंक के कार्यनिष्पादन में समर्थन हेतु अपने कर्मचारियों की प्रतिबद्धता के लिए उनकी प्रशंसा करता है। अंत में, बोर्ड  अपने सभी सम्मानित ग्राहकों और शेयरधारकों को उनके सतत संरक्षण के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित करता है।

मैं आपसे सतत सहयोग की अपेक्षा करता हूं। धन्यवाद।

आपका,

**(राकेश सेठी)**
**(अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक)**

**4.15 Awards & Accolades**

- Your Bank has been awarded "Second Prize" by Ministry of Rural Development, Govt. of India, for overall performance of RSETIs. RSETI Sitapur has also been given "Second Prize" in individual category.
- Your Bank has also been conferred runner up award for Best MSME Bank & Best Eco-Tech Savvy Bank in Mid-sized Bank category for the year 2015 by CIMSME.
- The Bank has been ranked "above average" by BCSBI. Within 26 PSBs, your Bank has been ranked 7th.

**5. Way Forward & Future Strategies**

Global agencies like IMF, World Bank, etc. have identified India as a bright spot as India is projected to overtake China as the fastest growing economy in the near future. Therefore, with optimism surrounding India's economic scenario, the banking sector will also recover from its present state of tepid credit growth and rising stressed assets. Enhanced spending on infrastructure, speedy implementation of projects and continuation of reforms are expected to provide further impetus to growth, suggesting that there will be robust need for credit.

In the above backdrop, your Bank will adopt a three-pronged strategy i.e. Recovery of overdues, achieving healthy growth in retail advances and mobilizing CASA deposits on liability side with emphasis on savings bank accounts.

At the end, I would like to place on record the valuable contributions made by the Board. The Bank is also grateful to the Reserve Bank of India, Government of India and other regulatory authorities and financial institutions for their co-operation, strong support and invaluable guidance. The Board also expresses its deep sense of appreciation for the commitment shown by the employees in supporting the Bank in its performance in all fronts. Lastly, the Board places on record its sincere thanks to its valued customers and shareholders for their continued patronage.

I look forward to your continued support.  Thank you.

Yours sincerely,

**(Rakesh Sethi)**
**(Chairman & Managing Director)**